FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

प्रेस नोट दिनांक 02-04-2024 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा हवाई फायरिंग करने के मुकदमे में वाँछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा मय कारतूस एवं चोरी के 06 मोबाइल बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 157/24 धारा 286 भादवि में वांछित एक अभियुक्त हिमांशु को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस एवं चोरी के 06 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 196/24 धारा 41/102 सीआरपीसी, 411/414 भादवि एवं 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

घटना का विवरण- दिनाँक 20.03.2024 की रात्रि में कुछ अभियुक्तों द्वारा थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत प्रोफेसर कॉलोनी में हवाई फायरिंग की गयी थी जिससे मानव जीवन संकटापन्न हो जाने के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 157/24 धारा 286 भादवि बनाम हिमांशु आदि 05 नफर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा 04 टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा एक अभियुक्त सनी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. हिमांशु पुत्र विजय कुमार निवासी शिवा अस्पताल के सामने एटा रोड थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
2. मोबाइल फोन realme रंग काला।
3. मोबाइल फोन narzo realme।
4. मोबाइल फोन SAMSUNG रंग सफेद।
5. मोबाइल फोन SAMSUNG रंग सी ग्रीन।
6. मोबाइल VIVO रंग काला।
7. एक मोबाइल फोन पीछे से टूटा हुआ।

आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 196/24 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411/414 भादवि0 व 3/25ए एक्ट थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 157/24 धारा 286 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1-प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

2-उ0नि0 श्री प्रबल प्रताप सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

3-का0 872 सन्तोष कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।

4-का0 1409 विजय कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।